**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# 'गणित बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं'

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को गणित और कंप्यूटर में प्रगति विषय पर दो दिवसीय सेमिनार शुरू हुया। सेमिनार में देशभर के 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वेलटेक यूनिवर्सिटी, चेन्नई के कुलपति डॉ. आरपी वाजपेयी, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रोफेसर डॉ. वीके दास मौजूद रहे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने गणित के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि गणित के बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को दशमलव दिया है। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, श्रीनिवास रामानुज तथा कई अन्य गणितज्ञों ने देश में गणित के विकास में जो योगदान दिया है, वही भारतीय गणित की बुनियाद है।

इस दौरान प्रोफेसर आरपी बाजपेयी ने कहा कि शोध की दृष्टि से गणित में अनुसंधान की संभावनाएं बढ़ी है और निरंतर नई कम्प्यूटर एप्लीकेशंस विस्तार से इस क्षेत्र में बड़े बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अच्छे वेतन के साथ रोजगार के भी बेहतर अवसर है लेकिन देश में गणित के क्षेत्र में उतना विकास नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गणित इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। दो दिवसीय सम्मेलन में कुल छह आमंत्रित व्याख्यान आयोजित होंगे, जिसमें 101 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में गणित और कंप्यूटर विज्ञान पर आयोजित सेमिनार का दीप जलाकर उद्घाटन करते वेलटेक यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आरपी वाजपेयी और वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार • जागरण

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# गणित के क्षेत्र में उतना विकास नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए, गणित में हम पिछड़ रहे हैं : प्रो. वाजपेयी

## गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति विषय पर शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ। इसमें लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रो. आरपी वाजपेयी ने कहा कि शोध की दृष्टि से गणित में अनुसंधान की संभावनाएं बढ़ी हैं। निरंतर नई कम्प्यूटर एप्लीकेशंस विस्तार से इस क्षेत्र में बड़े बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में अच्छे वेतन के साथ रोजगार के भी बेहतर अवसर हैं। लेकिन देश में गणित के क्षेत्र में उतना विकास नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। सही मायने में गणित में हम पिछड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की तकनीक आज गणित के माध्यम से ही संचालित हो रही है। हमें गणित से जुड़ते क्षेत्र जैसे फाइनेंशियल कम्प्यूटिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां शोध व प्रगति की काफी संभावनाएं हैं। उद्घाटन समारोह में वेलटेक यूनिवर्सिटी चेन्नई के कुलपति प्रो. आरपी वाजपेयी मुख्य अतिथि तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. बीके दास विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान कुलपति प्रो. दनिश कुमार ने गणित के महत्व पर कहा कि इसके बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं है। भारत ने दुनिया को दशमलव दिया है। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, श्रीनिवास रामानुज तथा कई अन्य गणितज्ञों ने देश में गणित के विकास में जो योगदान दिया है, वही भारतीय गणित की बुनियाद है। आधुनिक कम्प्यूटर के युग में जिस तरह से प्रत्येक क्षेत्र में सूचनाओं का दायरा बढ़ रहा है, कम्प्यूटीकृत प्रणाली के बिना इतने विशाल डाटा का विश्लेषण संभव नहीं है और ऐसे विश्लेषण में गणित की विभिन्न तकनीकों की आवश्यकता अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि गणित के महत्व को बढ़ाने के लिए ऐसे सम्मेलन अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आशा जताई कि गणित व कम्प्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में नवीन तकनीक पर विचार विमर्श के लिए यह सम्मेलन अकादमिक विशेषज्ञों व प्रतिभागियों को एक बेहतर मंच प्रदान करेगा।

प्रो. बीके दास ने गणित के अध्ययन को लेकर विभिन्न तकनीकों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा गणित इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। संकायाध्यक्ष, मानविकी व विज्ञान प्रो. राज कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत कर सम्मेलन की विषय वस्तु की जानकारी दी। उन्होंने कहा सम्मेलन में कुल छह आमंत्रित व्याख्यान होंगे तथा विभिन्न तकनीकी सत्रों के दौरान 101 शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही कुलपति व अन्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्मेलन में संकायाध्यक्ष डॉ. संदीप ग्रोवर, डा. सीके नागपाल, प्रो. राज कुमार तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया, सम्मेलन के आमंत्रित वक्ता गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के प्रो. डीएस हुड्डा तथा दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. एचसी तनेजा आदि मौजूद थे।



फरीदाबाद. वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कुलपति प्रो. वेल्टेक युनिवर्सिटी, चेन्नई के कुलपति प्रो. आर.पी. बाजपेयी, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. बी.के. दास, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार स्मारिका का विमोचन करते हुए।

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**HINDUSTAN**

# इंजीनियरिंग गणित के बिना संभव नहीं : दिनेश




फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। • हिन्दुस्तान

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष के मौके पर हो रहे इस सम्मेलन का विषय ह्यगणित और कंप्यूटिंग में प्रगतिह्व रहा। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग तथा कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के सामूहिक प्रयास से हो रहे इस कार्यक्रम के पहले दिन करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वेलटेक यूनिवर्सिटी, चेन्नई के कुलपति प्रो. आरपी बाजपेयी और विशिष्ट अतिथि रहे दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. बीके दास ने दीप जलाकर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। सत्र के दौरान संकायाध्यक्ष डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. सीके नागपाल, प्रो. राज कुमार तथा कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया उपस्थित रहे।

## योगदान पर डाला प्रकाश

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि गणित के बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं है। भारत ने दुनिया को दशमलव दिया है। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, श्रीनिवास रामानुज जैसे गणितज्ञों ने विकास में योगदान दिया। कंप्यूटरीकृत प्रणाली के बिना विशाल डाटा का विश्लेषण संभव नहीं है और ऐसे विश्लेषण में गणित की विभिन्न तकनीकों की आवश्यकता अहम हो जाती है।

## शोध की अपार संभावनाएं

प्रो. आरपी बाजपेयी ने कहा कि शोध की दृष्टि से गणित में अनुसंधान की संभावनाएं बढ़ी हैं और निरंतर नई कंप्यूटर एप्लीकेशन्स विस्तार से इस क्षेत्र में बड़े बदलाव आ रहे है। वहीं बीके दास ने गणित के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। बतौर वक्ता पहुंचे गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार से प्रो. डीएस हुड्डा और दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. एचसी तनेजा ने भी विचार रखे।

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**AMAR UJALA**

# 'गणित के बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं'

अमर उजाला ब्यूरो

बल्लभगढ़।

हरियाणा स्वर्ण जयंति वर्ष के मौके पर वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार से मानविकी एवं विज्ञान विभाग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया। सम्मेलन का विषय 'गणित और कंप्यूटिंग में प्रगति' रखा गया है। 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में वेलटेक विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति प्रो. आरपी वाजपेयी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. बीके दास विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गणित के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि गणित के बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं है। मुख्य अतिथि प्रो. वाजपेयी ने कहा कि शोध की दृष्टि से गणित में अनुसंधान की संभावनाएं बढ़ी हैं और निरंतर कंप्यूटर एप्लीकेशन के विस्तार से इस क्षेत्र में बड़े बदलाव आ रहे हैं। संकायाध्यक्ष मानविकी व विज्ञान प्रो. राज कुमार ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्रों के दौरान 101 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।




वाईएमसीए में सेमिनार के दौरान स्मारिका का विमोचन करते अतिथि।

## वाईएमसीए में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**PUNJAB KESARI**

# कम्प्यूटर से बढ़ी हैं गणित में शोध की संभावनाएं




*वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।*

फरीदाबाद, 1 मई (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा 'गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार से प्रारंभ हो गया। इसमें लगभग 150 से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में वेलटेक यूनिवर्सिटी, चेन्नई के कुलपति प्रो. आरपी बाजपेयी मुख्य अतिथि तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. बीके दास विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। सत्र के दौरान संकायाध्यक्ष डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ सीके नागपाल, प्रो. राज कुमार तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया, सम्मेलन के आमंत्रित वक्ता गुरु जाम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार से प्रो. डीएस हुड्डा तथा दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. एचसी तनेजा भी उपस्थित थे।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गणित के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि गणित के बिना इंजीनियरिंग संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को दशमलव दिया है। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, श्रीनिवास रामानुज तथा कई अन्य गणितज्ञों ने देश में गणित के विकास में जो योगदान दिया है, वही भारतीय गणित की बुनियाद है। आधुनिक कम्प्यूटर के युग में जिस तरह से प्रत्येक क्षेत्र में सूचनाओं का दायरा बढ़ रहा है, कम्प्यूटीकृत प्रणाली के बिना इतने विशाल डाटा का विश्लेषण संभव नहीं है और ऐसे विश्लेषण में गणित की विभिन्न तकनीकों की आवश्यकता अहम हो जाती है। मुख्य अतिथि प्रो. आरपी बाजपेयी ने सम्मेलन के चयनित विषय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शोध की दृष्टि से गणित में अनुसंधान की संभावनाएं बढ़ी हैं और निरंतर नई कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स के विस्तार से इस क्षेत्र में बढ़े बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अच्छे वेतन के साथ रोजगार के भी बेहतर अवसर है, लेकिन देश में गणित के क्षेत्र में उतना विकास नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए।

सही मायने में गणित में हम पिछड़ रहे हैं उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की तकनीक आज गणित के माध्यम से ही संचालित हो रही है और हमें गणित से जुड़ते क्षेत्र जैसे फाइनेंशियल कम्प्यूटिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग और साइबर सिक्यूरिटी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां शोध व प्रगति की काफी संभावनाएं है। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. बीके दास ने गणित के अंत:विषयक पहलुओं पर अपने विचार रखे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 02 May 2017
epaper.punjabkesari.in//c/18734576

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए को बनाया जा रहा सशक्त : कविता

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** हरियाणा की शहरी स्थानीय निकाय एवं सांस्कृतिक मंत्री कविता जैन ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ और वाईएमसीए जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है, ताकि ऐसे शिक्षण संस्थान समाज को बेहतर योगदान दे सकें।

कैबिनेट मंत्री वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 'गणित और कंप्यूटिंग में प्रगति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थी। समारोह की अध्यक्षता कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने की। हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 100 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

गणित एवं कंप्यूटर विज्ञान को महत्वपूर्ण बताते हुए कविता जैन ने कहा कि इन दोनों के बिना डिजिटल इंडिया स्किल इंडिया और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं की परिकल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर कुलपति दिनेश कुमार ने वाईएमसीए विश्वविद्यालय में बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या भी रखी। इस पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान एक सप्ताह में कर दिया जाएगा। सम्मेलन में कुल छह आमंत्रित व्याख्यान और आठ समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। विभिन्न तकनीकी सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेब आधारित कंप्यूटिंग, गणितीय मॉडलिंग के शोध पत्र प्रस्तुत हुए।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कुलपति डॉ. दिनेश कुमार कैबिनेट मंत्री कविता जैन को स्मृति चिन्ह देते हुए।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# गणित व कंप्यूटर के बिना 'डिजिटल इंडिया' जैसी योजनाओं की परिकल्पना नहीं : कविता जैन

## दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 100 से ज्यादा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए

### गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 'गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्यातिथि हरियाणा सरकार की मंत्री कविता जैन ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गणित, कम्प्यूटर व विज्ञान के बिना 'डिजिटल इंडिया', 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं की परिकल्पना नहीं की जा सकती। वाईएमसीए जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। ताकि ऐसे शिक्षण संस्थान समाज को बेहतर योगदान दे सके। इस दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 100 से ज्यादा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।



फरीदाबाद. वाईएमसीए में दो दिवसीए राष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा की शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करती हुई।

### आठ तकनीकी सत्र किए गए आयोजित

दो दिवसीय सम्मेलन में कुल छह आमंत्रित व्याख्यान व आठ समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। विभिन्न तकनीकी सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, वेब आधारित कम्प्यूटिंग, गणितीय मॉडलिंग, मशीन लर्निंग, एप्लाइड मैथमेटिक्स व कम्प्यूटिंग, मैथमेटिक्स व इंजीनियरिंग एप्लीकेशंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, वायरलेस नेटवर्क व सिक्योरिटी इंजीनियरिंग जैसे विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

### जलभराव की समस्या का होगा समाधान

कुलपति दिनेश कुमार द्वारा वाईएमसीए विश्वविद्यालय में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या पर उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सरकार विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ कॉलेजों को संबद्ध करने की दिशा में कार्य कर रही है। इससे ऐसे विश्वविद्यालय और अधिक सशक्त होंगे। इससे पहले सुबह के सत्र में एमडीयू, रोहतक से प्रो. नसीब सिंह गिल व जेआईआईटी, नोएडा से प्रो. भूदेव शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

प्रो. शर्मा ने आधुनिक भारत की नवीनतम कम्प्यूटिंग तकनीक पर अपना व्याख्यान दिया। इस क्षेत्र में इंटरनेट आफ थिंग्स, मोबाइल क्लाउड्स, डाटा मैनेजमेंट और साइबर सिक्योरिटी जैसे विषयों पर अनुसंधान पर बल दिया। प्रो. भूदेव शर्मा ने गणितीय मॉडलिंग व कम्प्यूटर सिमुलेशन पर व्याख्यान दिया। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने सम्मेलन की कार्रवाई रिपोर्ट पेश की। समारोह का संचालन डॉ नीतू गुप्ता, डॉ. पारूल, डॉ. सपना गंभीर व डॉ. नीलम दूहन ने किया।

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**HINDUSTAN**

# छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति पर चला दो दिवसीय सेमिनार मंगलवार को समाप्त हो गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा और कला एवं सांस्कृतिक मंत्री कविता जैन मौजूद रही। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व विशिष्ठ अतिथि के रूप में आईआईटी नई दिल्ली के प्रोफेसर आरके शर्मा मौजूद थे।

देश के विभिन्न राज्यों से करीब 150 से प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस दौरान छात्रों ने करीब 100 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किए।



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में हरियाणा की शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने प्रतिभागी डॉक्टर सपना गंभीर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**DAINIK TRIBUNE**

# वाईएमसीए जैसे संस्थानों को बनाएंगे सशक्त : कविता जैन

## 'गणित, कम्प्यूटिंग में प्रगति'-सम्मेलन में की शिरकत



फरीदाबाद में मंगलवार को हरियाणा की शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन वाईएमसीए में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करती हुईं।- शिव

फरीदाबाद, 2 मई (हप्र)

हरियाणा की सूचना, जनसम्पर्क, भाषा और कला एवं सांस्कृतिक मामले मंत्री कविता जैन ने आज कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा वाईएमसीए जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है ताकि ऐसे शिक्षण संस्थान समाज को बेहतर योगदान दे सकें।

श्रीमती जैन आज फरीदाबाद के वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आईआईटी नई दिल्ली से प्रो. आर.के. शर्मा समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा 100 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किये गये।

कुलपति दिनेश कुमार द्वारा वाईएमसीए विश्वविद्यालय में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के आग्रह पर कविता जैन ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय को आ रही दिक्कतों का समाधान किया जायेगा।

दैनिक ट्रिब्यून Wed, 03 May 2017
epaper.dainiktribuneonline.c

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विवि के विकास को गंभीर है सरकार: कविता

फरीदाबाद, 2 मई (सूरजमल): राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा वाईएमसीए जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। ताकि ऐसे शिक्षण संस्थान समाज को बेहतर योगदान दे सकें। ये कहना था हरियाणा की सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा और कला एवं सांस्कृतिक मामले की मंत्री कविता जैन का।

वह मंगलवार को फरीदाबाद के वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 'गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में लोगों से मुखातिब थीं। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आईआईटी नई दिल्ली से प्रो. आरके शर्मा समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा 100 से ज्यादा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। समापन सत्र के दौरान संकायाध्यक्ष डा. संदीप ग्रोवर, डा. सीके नागपाल, प्रो. राजकुमार तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया भी उपस्थित थे। 21वीं सदी में गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान को महत्वपूर्ण बताते हुए श्रीमती कविता जैन ने कहा कि गणित, कम्प्यूटर व विज्ञान के बिना 'डिजिटल इंडिया', 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं की परिकल्पना नहीं की जा सकती।

इससे पहले सुबह के सत्र में एमडीयू, रोहतक से प्रो. नसीब सिंह गिल तथा जेआईआईटी, नोएडा से प्रो. भूदेव शर्मा मुख्य वक्ता रहे। प्रो. शर्मा ने आधुनिक भारत की नवीनतम कम्प्यूटिंग तकनीक के विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा इस क्षेत्र में इंटरनेट आफ थिंग्स, मोबाइल क्लाउड्स, डाटा मैनेजमेंट और साइबर सिक्यूरिटी जैसे विषयों में अनुसंधान पर बल दिया। प्रो. भूदेव शर्मा ने गणितीय मॉडल तथा कम्प्यूटर सिमुलेशन पर व्याख्यान दिया। दो दिवसीय सम्मेलन में कुल छह आमंत्रित व्याख्यान तथा आठ समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किये गये।

विभिन्न तकनीकी सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेब आधारित कम्प्यूटिंग, गणितीय मॉडल, मशीन लर्निंग, एप्लाइड मैथमेटिक्स व कम्प्यूटिंग, मैथमेटिक्स व इंजीनियरिंग एप्लीकेशन्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग, वायरलेस नेटवर्क तथा सिक्यूरिटी इंजीनियरिंग जैसे विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।




*वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती मंत्री कविता जैन।* (रजत)


पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 03 May 2017
epaper.punjabkesari.in//c/18757691

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**HARI BHOOMI**

# वाईएमसीए विवि को सशक्त बनाया जाएगा: कविता जैन



**हरिभूमि न्यूज** . फरीदाबाद

हरियाणा की सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा और कला एवं सांस्कृतिक मामले मंत्री कविता जैन ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा वाईएमसीए जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है ताकि ऐसे शिक्षण संस्थान समाज को बेहतर योगदान दे सकें। जैन फरीदाबाद के वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा गणित और कम्प्यूटिंग में प्रगति विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आईआईटी नई दिल्ली से प्रो.आर.के. शर्मा समारोह के विशिष्ट अतिथि थे।

हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा 100 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। 21वीं सदी में गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान को महत्वपूर्ण बताते हुए जैन ने कहा कि गणित, कम्प्यूटर व विज्ञान के बिना डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं की परिकल्पना नहीं की जा सकती।

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

## खास खबरें

# राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



■ **वस, फरीदाबाद** : हरियाणा की शहरी स्थानीय निकाय एवं सांस्कृतिक मंत्री कविता जैन ने कहा कि सरकार शिक्षा प्रणाली सुदृढ़ और वाईएमसीए जैसे शिक्षण संस्थानों को सशक्त बना रही है, ताकि ऐसे संस्थान समाज की बेहतरी में योगदान दें। कैबिनेट मंत्री वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से गणित और कंप्यूटिंग में प्रगति विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। समारोह की अध्यक्षता कुलपति डॉ.दिनेश कुमार ने की। हरियाणा स्वर्ण जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी के मानविकी एवं विज्ञान विभाग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन में 150 प्रतिभागी शामिल हुए। यहां 100 से ज्यादा शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। कुलपति दिनेश कुमार ने यूनिवर्सिटी में बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या रखी। मंत्री ने कहा कि समाधान एक सप्ताह में हो जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**AMAR UJALA**

# गणित-कंप्यूटर के बिना डिजिटल इंडिया संभव नहीं: कविता जैन

**फरीदाबाद (ब्यूरो)।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने कहा कि गणित और कंप्यूटर के बिना डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया व मेक इन इंडिया योजनाओं की परिकल्पना नहीं की जा सकती। वह मंगलवार को वाईएमसीए विश्वविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि गणित और कंप्यूटिंग में प्रगति विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति दिनेश कुमार ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि आईआईटी नई दिल्ली से प्रोफेसर आरके शर्मा थे।

सुबह के सत्र में मुख्य वक्ता एमडीयू रोहतक से प्रोफेसर नसीब सिंह गिल व जेआईआईटी नोएडा से प्रो. भूदेव शर्मा ने आधुनिक भारत की नवीनतम कंप्यूटिंग तकनीक पर व्याख्यान दिया। हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मानविकी, विज्ञान विभाग व कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**छह आमंत्रित व्याख्यान :** सम्मेलन में छह आमंत्रित व्याख्यान और आठ समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित हुए। विभिन्न तकनीकी सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेब आधारित कम्प्यूटिंग, गणितीय मॉडलिंग, मशीन लर्निंग, एप्लाइड मैथमेटिक्स, कम्प्यूटिंग, मैथमेटिक्स, इंजीनियरिंग एप्लीकेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, वायरलेस नेटवर्क व सिक्योरिटी इंजीनियरिंग विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर संकाय के अध्यक्ष डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. सीके नागपाल, राज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**THE PIONEER**

# Govt to empower prominent universities in Haryana

**PNS** ■ CHANDIGARH

Haryana Information, Public Relations and Languages Minister Kavita Jain on Tuesday said that with its commitment to strengthen the education system, the State Government aspires to empower the prominent universities in the State like YMCA so that such institutes could make a significant contributions to the society.

Jain was addressing the valedictory ceremony of two-day National Conference on 'Advances in Mathematics and Computing' (AMC-2017) organized by the YMCA University of Science and Technology, Faridabad, as part of Haryana Golden Jubilee celebrations in Faridabad.

The State Government is working towards affiliating the colleges with different Universities which would further strengthen the education system, she said.

Laying emphasis on the significance of mathematics and computer science in the 21st century, the Minister said that we could not even imagine the programmes like 'Digital India', 'Skill India' and 'Make in India' without Mathematics and Computer Sciences.

On being apprised about the problem of water logging and drainage during the rainy season in the University campus, Jain, who also holds the portfolio of Urban Local Bodies, assured that the grievances of the University would be redressed at the earliest.

In his address, YMCA Vice-Chancellor, Dinesh Kumar emphasised on the need for research in the area of Mathematics and Computing. He also stressed the importance of such conferences and with utmost gratitude to the participant for making the Conference a success.

During the two-day conference, a total six invited lectures and eight parallel technical sessions were conducted and more than 100 research and thematic papers were presented on the topics like Artificial Intelligence, Web Based Computing, Mathematical Modelling, Machine Learning, Applied Mathematics and Computing, Application of mathematics and Engineering, Cloud Computing, Wireless Networks and Security Engineering etc.

For each theme presentation, a resource person from the specialized field was called who explained the theme in detail.

**NEWS CLIPPING: 02 & 03.05.2017**

**DAILY POST**

# Varsities must contribute in formation of a best society, says Jain

CHANDIGARH: Haryana Information, Public Relations and Languages Minister Kavita Jain said that with its commitment to strengthen the education system, the state government also aspires to empower the prominent Universities in the state like YMCA, so that such institutes could make a significant contribution in formation of a best society. Kavita Jain was addressing the valedictory ceremony of two-day National Conference on 'Advances in Mathematics and Computing' organised by the YMCA University of Science and Technology, Faridabad as part of Haryana Golden Jubilee Celebrations in Faridabad. The state government is working towards affiliating the colleges with different Universities which would further strengthen the Universities. *DP*